हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026



खबर संक्षेप



अग्रसेन जयंती समारोह में हुआ महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का विमोचन

सूरजपुर। अग्रवाल समाज के अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा अब समाज के हर घर तक पहुंचाने की अनूठी पहल की गई है। श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के अवसर पर आयोजित समारोह में इस विशेष पहल का विधिवत विमोचन किया गया। इसका उद्देश्य समाज के प्रत्येक परिवार को महाराजा अग्रसेन के आदर्शों, सिद्धांतों और सामाजिक समरसता के संदेश से जोड़ना है। अग्रसेन जयंती समारोह के दौरान अध्यक्ष अमृत लाल अग्रवाल के जन्मदिवस पर उनके द्वारा अग्रजो को भेंट की जाएगी। विमोचन कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी एवं अग्रजजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महाराजा अग्रसेन केवल अग्रवाल समाज के आराध्य ही नहीं, बल्कि त्याग, सेवा, समानता, सहयोग और समाजवाद के प्रेरणास्रोत हैं। इस दौरान अग्रवाल सभा अध्यक्ष अमृतलाल अग्रवाल, सचिव राजेश महलवाला, आयोजन समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महिला मंडल अध्यक्ष ममता गर्ग, नवयुवक समिति अध्यक्ष गौरीश जिंदल, कोषाध्यक्ष संजय केजरीवाल, उपाध्यक्ष मुकेश गर्ग, अंकुर गर्ग, स्वयं गोयल, रजत अग्रवाल, कान्हा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

सेवा सेतु अभियान के तहत दी गई शासन की योजनाओं की जानकारी

कुसमी। नगर पंचायत में सेवा सेतु अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। नगर पंचायत के सभी वार्ड के वार्ड वासी सहित मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित एसडीएम बालेश्वर राम द्वारा शासन की योजनाओं की विस्तृत रूप से जानकारी और योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। कार्यक्रम में भाजपा नेता जन्मजय सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल द्वारा केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार के सभी योजनाओं के संबंध में बताया। कार्यक्रम के दौरान महिला बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई रस्म पूरा करते हुए अपने विभाग से संबंधित सभी जानकारी दी। नगर पंचायत द्वारा 2 हितग्राहियों को प्रधान मंत्री आवास की प्रमाणपत्र देते हुए समयावधि में घर का निर्माण करने पर उन्हें उनके घर की चाबी सौंपी गई। सेवा सेतु अभियान के तहत कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें में विद्युत विभाग से नए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग करते हुए नाली निर्माण एवं सीसी सड़क निर्माण की मांग की गई। साथ ही मुद्रा योजना के तहत लोन प्राप्त करने हेतु आवेदन भी दिया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारी अरविंद विश्वकर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान तहसीलदार रॉकी एक्का, नायब तहसीलदार अनुराग केरकेट्टा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अरविंद विश्वकर्मा, बीईओ मनोज गुप्ता, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी नन्द कुमार गुप्ता,नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, संजय जायसवाल, राकेश भारती, मो. शमीम, राजेश्वर गुप्ता, पारस पाल, अनिल सिन्हा, अंजू सिन्हा, परियोजना अधिकारी सहित बड़ी संख्या में सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

गड्ढों से बदहाल सड़कें धूल से बेहाल जनता

अंबिकापुर। कांग्रेस नेता परवेज आलम गांधी ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव के अंबिकापुर दौरे पर कहा कि अंबिकापुर की सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे, कीचड़ और जगह-जगह बनी डबरियों से नागरिक पहले ही परेशान हैं। अब उड़ती धूल ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। ऐसे में उपमुख्यमंत्री जी से शहरवासियों की एक छोटी-सी गुहार है। सड़क मत



बनाइए साहब, कम से कम झाड़ू ही लगवा दीजिए ताकि शहरवासियों को उड़ती धूल से राहत मिल सके और वे स्वच्छ हवा में साँस ले सकें। परवेज आलम गांधी ने कहा कि सड़कें कब बनेंगी, गड्ढे कब भरेंगे और अंबिकापुर की सूरत कब बदलेगी, यह तो भविष्य के गर्भ में है। लेकिन फिलहाल नियमित सफाई और धूल पर नियंत्रण के उपाय करके जनता को राहत तो दी ही जा सकती है। उन्होंने कहा कि शहर की समस्याओं का निरीक्षण तभी सार्थक होगा, जब उसके बाद धरातल पर सुधार दिखाई दे।

मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने की मांग, कांग्रेसियों ने मनाया काला दिवस

कुसमी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में लोकतंत्र की रक्षा एवं हालिया घटनाक्रम के विरोध में काला दिवस मनाते हुए धरना-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरीश मिश्रा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने इंडिया गठबंधन के 300 सांसदों के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार तथा उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने से रोके जाने की घटना पर विरोध किया। कांग्रेसियों ने कहा कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों को अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है और किसी भी निर्वाचित प्रतिनिधि के साथ दुर्व्यवहार लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से पृथक किए जाने तथा पूरे मामले में न्यायोचित कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

पृष्ठ 3 का शेष

सरबकोम्बो में खेलो...

सरबकोम्बो, साहीडांड, पंडरीपानी, रमसमा, बच्छरांव एवं रनपुर के सरपंचों तथा जनप्रतिनिधियों ने भी सहभागिता निभाई। जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिता में साहीडांड, सरबकोम्बो, बच्छरांव, कलिया, भीतघरा एवं रनपुर संकुल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। बालक एवं बालिका वर्ग के प्रतिभागियों के लिए कबड्डी, खो-खो, गोला फेंक, भाला फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मैदान में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बना। खिलाड़ियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। विभिन्न खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसार मिला।

करोड़ों की लागत से निर्माण के बाद भी नहीं हुआ कार्यालय का संचालन

एक दशक पूर्व बना वन परिक्षेत्राधिकारी कार्यालय भवन हुआ खंडहर में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर



जर्जर वन परिक्षेत्राधिकारी।

खास बात

- रखरखाव के अभाव में भवन हो रहा जर्जर

वन विभाग की कार्यालय व्यवस्थित रूप से संचालित हो इसे लेकर शासन द्वारा रामानुजनगर में वन परिक्षेत्राधिकारी कार्यालय का निर्माण कराया गया था। हैरान की बात तो यह है कि कार्यालय भवन निर्माण हुए एक दशक होने को है लेकिन आज तक नवनिर्मित भवन में कार्यालय का संचालन नहीं हो सका। करोड़ों की लागत से कराए गए भवन देख रेख के अभाव में खंडहर में तब्दील होने लगा है। ऐसे में समय रहते भवन की देख रेख और कार्यालय संचालन नहीं किया गया तो भवन की हालत और भी दयनीय हो सकती है।

वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता एक मामला रामानुजनगर मुख्यालय में सामने आया है। यहां लगभग एक दशक पूर्व करोड़ों रुपये की लागत से वन परिक्षेत्राधिकारी कार्यालय के लिए नवनिर्मित भवन तैयार कराया गया था, लेकिन निर्माण के बाद से ही यह भवन उपयोगहीन पड़ा हुआ है। विभागीय स्तर पर कार्यालय का संचालन इस भवन में शुरू नहीं किए जाने के कारण अब यह भवन धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि शासन की राशि से वन परिक्षेत्राधिकारी कार्यालय के लिए भवन का निर्माण कराया गया था। भवन बनने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि वन विभाग का कार्यालय व्यवस्थित रूप से यहां संचालित होगा और शासकीय भवन का समुचित उपयोग किया जाएगा। लेकिन निर्माण के बाद से ही भवन में तालाबंदी की स्थिति बनी हुई है। लोगों का कहना है कि वन परिक्षेत्र अधिकारी कार्यालय संचालन होने से इसका लाभ क्षेत्र के लोगों को मिलता। रामानुजनगर में ही कार्यालय होने से क्षेत्र के लोगों को कार्यालयीन कार्य के लिए दूर नहीं जाना पड़ता। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते भवन की देखरेख नहीं की गई तो आने वाले दिनों में भवन की हालत और भी जर्जर हो जाएगी।

टूट रही सीढ़ियां, दीवारों पर जमी काई

देखरेख और नियमित रखरखाव के अभाव में भवन की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। भवन के सामने की सीढ़ियां टूटकर बिखरने लगे हैं। बाहरी दीवारों सहित भवन के अधिकांश हिस्से पर काई जम गई है। वहीं अंदर भी जर्जर स्थिति निर्मित होने लगी है। यदि समय रहते भवन की मरम्मत और उपयोग शुरू नहीं किया गया तो आने वाले समय में इसकी स्थिति और अधिक खराब होने की आशंका है।

शासकीय राशि के उपयोग पर उठ रहे सवाल

स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि जिस उद्देश्य से शासन द्वारा बड़ी राशि खर्च कर भवन का निर्माण कराया गया था, वह उद्देश्य अब तक पूरा नहीं हो सका है। वर्षों से भवन के उपयोग में नहीं आने के कारण सरकारी संपत्ति की स्थिति खराब हो रही है। ऐसे में भवन निर्माण पर खर्च की गई शासकीय राशि के प्रभावी उपयोग को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

भवन को शीघ्र उपयोग में लाने की मांग

जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि वन विभाग द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए नवनिर्मित भवन की स्थिति का निरीक्षण कराया जाए तथा आवश्यक मरम्मत कराकर इसे तत्काल वन परिक्षेत्राधिकारी कार्यालय के संचालन में लाया जाए। इससे एक ओर शासकीय संपत्ति को पूरी तरह जर्जर होने से बचाया जा सकेगा, वहीं दूसरी ओर जिस उद्देश्य के लिए भवन का निर्माण कराया गया था, वह भी पूरा हो सकेगा।

नपं शिवनंदनपुर को 2.33 करोड़ रुपए के 31 विकास कार्यों की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत शिवनंदनपुर में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है,नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सड़क,नाली, कल्वर्ट और अन्य निर्माण कार्यों के लिए कुल 2 करोड़ 33 लाख 44 हजार रुपये की प्राविधिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत 31 विकास कार्य कराए जाएंगे, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास,छत्तीसगढ़ द्वारा 6 अक्टूबर को इस संबंध में आदेश जारी किया गया है, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन तथा नगर पंचायत अध्यक्ष रितेश जायसवाल के प्रयासों से विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है। इसे नगर पंचायत क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

- उपाध्यक्ष ने विकासकार्यों में भेदभाव का लगाया आरोप

जारी आदेश के अनुसार, नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में सीसी सड़क, आरसीसी नाली, कल्वर्ट निर्माण और पेवर ब्लॉक फ्लोरिंग सहित अन्य कार्य कराए जाएंगे। इन निर्माण कार्यों का उद्देश्य वार्डों में आवागमन को सुगम बनाना, जल निकासी की समस्या दूर करना और नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। स्वीकृत कार्यों में वार्ड क्रमांक 5, 6 और 7 सहित विभिन्न वार्डों में नाली निर्माण, वार्ड क्रमांक 8 में शांतिनगर मुख्य मार्ग से ओम शांति तक सीसी सड़क निर्माण तथा वार्ड क्रमांक 13 में कर्मकांड स्थल पर पेवर ब्लॉक फ्लोरिंग का कार्य शामिल है। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 10, 11, 14 और 15 में भी सड़क एवं नाली निर्माण के विभिन्न कार्य कराए जाएंगे। कई वार्डों में घरों और मोहल्लों को जोड़ने वाली नालियों के निर्माण का भी प्रावधान किया गया है। गौरतलब है कि नगर पंचायत क्षेत्र में सड़क और नाली की बेहतर व्यवस्था लंबे समय से नागरिकों की प्रमुख जरूरतों में शामिल रही है,विशेषकर बारिश के दौरान जलभराव, जल निकासी और मोहल्लों में आवागमन से जुड़ी समस्याओं के समाधान में इन निर्माण कार्यों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। स्वीकृति मिलने से संबंधित वार्डों में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का रास्ता साफ हुआ है।

भेदभाव करने का आरोप

नगर पंचायत शिवनंदनपुर के उपाध्यक्ष अंशुल गोयल ने निकाय क्षेत्र में दो करोड़ तैंतीस लाख के विकास कार्यों की स्वीकृति पर कहा कि विकास कार्यों की स्वीकृति में भी भेदभाव किया गया ह, वार्डों में एक भी कार्य नहीं तो किन्हीं वार्डों में एक से अधिक कार्य स्वीकृत किए गए हैं,वार्ड क्रमांक 2 एवं 3 में एक भी कार्य स्वीकृत नहीं किया गया है,उन्होंने कहा कि परिषद के 14 जुलाई को पहली बैठक में जिन कार्यों के प्रस्ताव लिए गए थे उनमें एक कार्य का भी स्टीमेट आज तक तैयार नहीं किया गया है,उन्होंने सीएमओ और उप अभियंता के कार्यशैली को उदासीन बताते हुए कहा कि जनहित के जुड़े मामलों में तेजी और जवाबदेही जरूरी है।

विधवा को अंत्योदय कार्ड बनने के बाद भी प्राप्त नहीं हो पा रहा राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के दावों के बीच भैयाथान जनपद के ग्राम राईं से एक संवेदनशील मामला सामने आया है। यहां एक बेसहारा विधवा महिला का अंत्योदय राशन कार्ड बने पांच माह बीत चुके हैं, लेकिन अब तक उसके कार्ड पर शा स की य खाद्यान्न का आबंटन शुरू नहीं हो सका है। कार्ड हाथ में लेकर महिला हर महीने राशन दुकान के चक्कर काट रही है, लेकिन तकनीकी आबंटन नहीं होने की बात कहकर उसे वापस लौटा दिया जाता है। ग्राम राई निवासी दिनो बाई, पति स्व. सोबित राम, पति की मृत्यु के बाद मजदूरी कर किसी तरह अपना जीवन यापन कर रही हैं। आर्थिक रूप से बेहद कमजोर दिनों बाई को शासन की अंत्योदय योजना के तहत राशन कार्ड स्वीकृत किया गया। जून 2026 में जनपद पंचायत भैयाथान से कार्ड का प्रिंट भी उन्हें उपलब्ध करा दिया गया। कार्ड मिलने के बाद दिनों बाई को उम्मीद थी कि अब कम से कम दो वक्त के भोजन की चिंता कुछ कम होगी, लेकिन पांच महीने बाद भी उनकी स्थिति जस की तसबनी हुई है। राशन लेने जब वह उचित मूल्य की दुकान पहुंचती हैं तो कार्ड में ऑनलाइन आबंटन प्रदर्शित नहीं होने की बात कहकर उन्हें खाद्यान्न नहीं दिया जाता।



- तकनीकी खामी का झेलना पड़ रहा दंश
- विगत कई महीनों से खाद्य विभाग से लगा रही गुहार, ऑनलाइन खाद्यान्न प्रदर्शित नहीं होने का बताया जा रहा मुख्य कारण

दूसरों को मिला राशन, इन्हें इंतजार

दिनों बाई का कहना है कि उनके बाद जारी हुए कुछ अन्य राशन कार्डधारियों को खाद्यान्न मिलना शुरू हो गया है, लेकिन उनका कार्ड बनने के बावजूद अब तक उन्हें राशन नहीं मिल पाया है। ऐसे में अंत्योदय कार्ड होने के बावजूद सरकारी खाद्यान्न से वंचित रहना व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर रहा है। लगातार पांच माह तक राशन नहीं मिलने से परेशान दिनों बाई अब जिला मुख्यालय पहुंचीं और खाद्य विभाग के अधिकारी को लिखित आवेदन सौंपकर अपने कार्ड में जल्द से जल्द ऑनलाइन खाद्यान्न आबंटन शुरू कराने की मांग की। उन्होंने चावल, शक्कर और चना सहित योजना के तहत मिलने वाले खाद्यान्न का लाभ दिलाने की गुहार लगाई है। कार्ड हाथ में होने के बावजूद पांच माह से खाद्यान्न के लिए भटक रही दिनों बाई की स्थिति सरकारी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन पर भी सवाल खड़े करती है।

10वीं वाहिनी में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस एवं सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है।जागरूकता सप्ताह 5 से 10 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 10 वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल कनकपुर सिलफिली में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन वर्ष 2026 के विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस विभिन्न थीम पर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट सचिन मातुरकर एवं सोशल वर्कर प्रियंका मंडल द्वारा जवानों एवं कर्मचारियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व तथा तनाव के प्रभावी प्रबंधन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति की सोच, भावनाओं, व्यवहार, निर्णय क्षमता, कार्यक्षमता तथा पारिवारिक एवं सामाजिक संबंधों से जुड़ा महत्वपूर्ण पक्ष है।मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति कठिन परिस्थितियों में धैर्य, आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ बेहतर निर्णय लेने में सक्षम होता है। कार्यशाला में बताया गया कि सुरक्षा बलों के जवानों को चुनौतीपूर्ण ड्यूटी, कार्य का दबाव, सतत सतर्कता, पारिवारिक दूरी, अनियमित कार्य-समय एवं अन्य परिस्थितियों के कारण तनाव का अनुभव हो सकता है। तनाव को कमजोरी नहीं, बल्कि एक सामान्य मानवीय प्रतिक्रिया के रूप में समझते हुए उसका समय पर प्रबंधन करना आवश्यक है। लंबे समय तक बना तनाव व्यक्ति की नींद, एकाग्रता, व्यवहार, शारीरिक स्वास्थ्य एवं कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकता है।जवानों को तनाव के प्रारंभिक लक्षणों जैसे लगातार चिंता या उदासी, चिड़चिड़ापन, नींद में कमी, अत्यधिक थकान, मन न लगना, एकाग्रता में कमी, नकारात्मक विचार तथा सामाजिक दूरी की पहचान के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही जानकारी दी गई कि ऐसे लक्षण दिखाई देने पर समस्या को छिपाने के बजाय परिवारजन, विश्वसनीय सहकर्मी अथवा मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से समय पर परामर्श लेना चाहिए। तनाव प्रबंधन के उपायों पर चर्चा करते हुए नियमित योग, प्राणायाम एवं व्यायाम, पर्याप्त नींद, संतुलित आहार, समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, मनोरंजन एवं रुचिकर गतिविधियों के लिए समय निकालने तथा परिवार और सहकर्मियों के साथ संवाद बनाए रखने की सलाह दी गई।कार्यशाला में 10 वीं वाहिनी के प्रशांत सिंह, डॉ.विनीत सिंह, कंपनी कमांडर चंद्रेश नेताम, प्लाटून कमांडर बैगा राम प्रशिक्षण स्टाफ एवं रिफ्रेशर कोर्स 10 वें कर सत्र में सम्मिलित 40 अधिकारी व कर्मचारी सक्रिय रहे।

सीपीआर और फस्ट ऐड से बचती है जिन्दगी : डॉ.श्रीकांत

अम्बिकापुर। कार्डियक अरेस्ट, पल्मोनरी बंद होना, दर्द की समस्या आने पर व्यक्ति अचेत हो जाता है। ऐसी स्थिति में उसे तुरंत सीपीआर की जरूरत होती है। ये बातें शुक्रवार को श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस सोसायटी और रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित सीपीआर और प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय के चिकित्सक डा. श्रीकांत सिंह चौहान ने कही। उन्होंने कहा कि फस्ट ऐड और सीपीआर सामान्य जानकारी है जिसे जानने वाला विशेष स्थितियों में किसी की जान बचा सकता है। उन्होंने कहा कि बेसिक लाइफ सपोर्ट की जानकारी सभी के लिए जरूरी है। वर्तमान में जिले के बस ड्राइवर, पुलिस के साथ विद्यार्थियों को लगातार प्रशिक्षित किया जा रहा है। डा. श्रीकांत ने कहा कि फस्ट ऐड में दर्द नियंत्रण, रक्तस्राव रोकना, घायल अंगों को हिलने से बचाना, संक्रमण को रोकना जरूरी है। उन्होंने इस दौरान विद्यार्थियों को सीपीआर का प्रशिक्षण स्लाइड शो के माध्यम से दिखाया।



विश्वविद्यालय ने असाइनमेंट शुल्क का निर्णय लिया वापस, परीक्षार्थियों को मिलेगा लाभ

अंबिकापुर। संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालयए सरगुजा ने छात्रहित में निर्णय लेते हुए सत्र 2026-27 की दिसंबर सेमेस्टर परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन शुल्क में बड़ा संशोधन किया है। विश्वविद्यालय ने परीक्षा आवेदन के दौरान लिया जा रहा 100 रुपये प्रति प्रश्नपत्र असाइनमेंट शुल्क समाप्त कर दिया है। इस निर्णय से विद्यार्थियों को लगभग 400 से 500 रुपये तक की आर्थिक राहत मिलेगी।

- हरिभूमि ने प्रकाशित की थी खबर

विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि दिसंबर 2026 की सेमेस्टर परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 1 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक निर्धारित की गई है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय को कई महाविद्यालयों के प्राचार्यों और छात्र संगठनों से जानकारी मिली थी कि ऑनलाइन परीक्षा आवेदन के दौरान निर्धारित परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त प्रायोगिक विषयों और असाइनमेंट के शुल्क के कारण विद्यार्थियों को अधिक राशि का भुगतान करना पड़ रहा है। इससे छात्रों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ रहा था। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कुलपति प्रो. राजेन्द्र लाकपाले ने छात्रहित को ध्यान में रखकर असाइनमेंट शुल्क को ऑनलाइन पोर्टल से हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद प्रति प्रश्नपत्र 100 रुपये की दर से लिया जाने वाला असाइनमेंट शुल्क समाप्त कर दिया गया है। हालांकि परीक्षा शुल्क और प्रति प्रायोगिक विषय 100 रुपये का शुल्क पहले की तरह लागू रहेगा। कुलपति ने विद्यार्थियों से परीक्षा फार्म समय से भरे जाने का आह्वान किया।

दंडात्मक कार्रवाई के विरोध में पटवारी संघ ने खोला मोर्चा



अनूपपुर। पटवारियों के विरुद्ध सेवा समाप्ति, निलंबन एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई के विरोध में पटवारी संघ ने आंदोलन का रुख अख्तियार कर लिया है। संघ ने कलेक्टर अनूपपुर को ज्ञापन सौंपकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया है। साथ ही, मांगें पूरी होने तक ऑनलाइन राजस्व कार्यों से विरत रहने का निर्णय लिया है। पटवारी संघ के अनुसार, देवास सहित प्रदेश के अन्य जिलों में पटवारियों के विरुद्ध की जा रही दंडात्मक कार्रवाई अनुचित है।

संघ ने इन कार्रवाइयों को तत्काल वापस लेने की मांग उठाते हुए संबंधित अधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप कर उचित निर्णय लेने की अपील की है। संघ ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता और दंडात्मक कार्रवाई वापस नहीं ली जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर संघ ने अपनी मांगों से अवगत कराया है। पटवारी संघ के अनिश्चितकालीन हड़ताल के ऐलान से जिले में राजस्व विभाग के कामकाज पर असर पड़ने की आशंका है। ऑनलाइन राजस्व कार्यों से पटवारियों के विरत रहने की स्थिति में आम नागरिकों को भूमि संबंधी प्रकरणों, राजस्व अभिलेखों तथा अन्य जरूरी राजस्व सेवाओं के लिए परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अब देखना होगा कि प्रशासन संघ की मांगों पर क्या रुख अपनाता है और आंदोलन को समाप्त कराने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

विधायक ने किया आंबा भवन का लोकार्पण, पहाड़ी कोरवा परिवारों को कराया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने शुक्रवार को जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत आरा के आश्रित ग्राम धवईबांध में न व नि र्मि त आंग न बाड़ी भवन का लो का र्प ण किया। वहीं, ग्राम पंचायत घटगांव में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) योजना के तहत निर्मित प्रधानमंत्री जनमन आवासों में पहाड़ी कोरवा परिवारों को गृह प्रवेश कराया। धवईबांध में आंगनबाड़ी भवन का निर्माण ग्राम पंचायत आरा द्वारा कराया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत इस भवन की लागत 11.69 लाख रूपए है। निर्माण कार्य 15 नवंबर 2025 को प्रारंभ हुआ था और जो 19 सितंबर 2026 को पूर्ण हुआ। भवन के लोकार्पण से क्षेत्र के बच्चों और महिलाओं को आंगनबाड़ी सेवाओं के संचालन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल, आरा के उपसरपंच अजीमुद्दीन अंसारी, सहित ककना, अमड़ीपारा, बाड़ा और घटगांव के सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

- धवईबांध आंगनबाड़ी भवन 11.69 लाख से बना है आंबा भवन



पहाड़ी कोरवा परिवारों के घर पहुंचीं विधायक

ग्राम पंचायत घटगांव में विधायक ने पीएम-जनमन योजना के तहत नवनिर्मित आवासों का फीता काटकर हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया। इनमें शिवधर पहाड़ी कोरवा, दिलसाय पहाड़ी कोरवा और लल्लू पहाड़ी कोरवा के परिवार शामिल रहे। विधायक ने हितग्राहियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और जरूरतें जानीं। आवास मिलने पर पहाड़ी कोरवा परिवारों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में जनपद सीईओ संजय दुबे, ब्लॉक समन्वयक विक्की गुप्ता, एपीओ कृष्ण गुप्ता, सचिव समीमुद्दीन अंसारी, घटगांव के सरपंच-उपसरपंच, अन्य पंचायत प्रतिनिधि, सचिव तथा बड़ी संख्या में पहाड़ी कोरवा समाज के महिला-पुरुष और ग्रामीण उपस्थित रहे।

हरिभूमि

जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, रविवार, 11 अक्टूबर 2026

[पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा]

तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 18.2 डिग्री

4

वन्यजीव अपराधों पर कार्रवाई के लिए वन अमले को दिया प्रशिक्षण



खबर संक्षेप

मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आवेदन देते ही मिली ट्रायसाइकिल



जशपुरनगर। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया में दोनों पैरों से विकलांग बिंदे राम को आवेदन देने के बाद तत्काल बैटरी चलित ट्रायसाइकिल उपलब्ध कराई गई। सहायता मिलने पर श्री बिंदे राम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कैंप कार्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्राम गिनाबहार निवासी बिंदे राम, पिता विशेश्वर राम ने कैंप कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि वे दोनों पैरों से दिव्यांग हैं। शारीरिक असमर्थता के कारण उन्हें रोजमर्रा के सामान्य कार्यों और आवागमन के लिए परिवार के सदस्यों पर निर्भर रहना पड़ता था। अपनी इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया में आवेदन प्रस्तुत कर बैटरी चालित ट्रायसाइकिल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उनकी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आवेदन के तत्काल बाद उन्हें बैटरी चालित ट्राईसाइकिल प्रदान की गई। ट्राईसाइकिल मिलने से बिंदे राम को अब आने-जाने में सहूलियत होगी। साथ ही वे अपने दैनिक कार्यों को अधिक आसानी से कर सकेंगे। यह सहायता उनके जीवन में आत्मनिर्भरता बढ़ाने और सामान्य गतिविधियों में उनकी भागीदारी को आसान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर शिविर आयोजित



जशपुरनगर। माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के मार्गदर्शन में 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर पैरालीगल वॉलिंटियर्स जिला जशपुर के माध्यम से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलदुला एवं सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलदुला जिला जशपुर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर कार्यक्रम में माननीय श्रीमती सुमन सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जशपुर, माननीय अभिनव अग्रवाल, प्रशिक्षु न्यायाधिश जशपुर, जिला जशपुर, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। शिविर के दौरान विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, मानसिक तनाव से बचाव तथा मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति साकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने एवं आवश्यकता पड़ने पर उचित सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।

अमानवीय तरीके से भरे गए थे मवेशी, 2 की हो चुकी थी मृत्यु

पुलिस ने तस्करों के कब्जे से 65 गौवंशों को कराया मुक्त,1 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज, सरगुजा दीपक झा के नेतृत्व जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में होने वाली आ प रा धि क गतिविधियों एवं विभिन्न तस्करी पर लगातार निगाह रखते हुए सामंजस्य बनाकर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी क्रम में डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह के द्वारा पुलिसिंग को सशक्त बनाते हुए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है, जिसके तहत तस्करों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में ऑपरेशन शंखनाद के तहत शनिवार सुबह लगभग 4:30 बजे थाना बगीचा क्षेत्र के ग्राम खंटाडांड़ में पुलिस की संयुक्त टीम ने एक कंटेनर ट्रक से 65 गौवंश बरामद कर तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। कंटेनर में गौवंशों को ठूंस-ठूंसकर अमानवीय तरीके से भरा गया था, जिनमें से 2 गौवंशों की मृत्यु हो चुकी थी। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कंटेनर ट्रक को भी जब्त कर लिया है।



रास्ते की रेकी कर रही एक कार

गौ तस्करी हेतु रास्ते की रेकी कर रही एक मारुति सुजुकी एस-प्रेसो कार क्रमांक जेएच-01-बीआर-9492 को पुलिस द्वारा जप्त किया गया है। मामले में अज्ञात आरोपी फरार है, जिसकी पतासाजी की जा रही है। पुलिस द्वारा प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

गौ-तस्करी के विरुद्ध जशपुर पुलिस की लगातार कार्रवाई

डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह के नेतृत्व में जशपुर पुलिस द्वारा गौवंश तस्करी के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। जनवरी 2026 से अब तक जिले में गौ-तस्करी के कुल 98 प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 1108 गौवंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया है। इन प्रकरणों में कुल 131 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। साथ ही, गौ-तस्करी में प्रयुक्त पिकअप, ट्रक सहित कुल 36 वाहनों को जप्त किया गया है।जशपुर पुलिस द्वारा गौ-तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के साथ-साथ इस अवैध कारोबार के नेटवर्क पर भी लगातार निगरानी रखी जा रही है। गौवंशों के अवैध परिवहन एवं पशुओं के प्रति क्रूरता करने वालों के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने की घेराबंदी

जशपुर पुलिस को मुखबिर से पुख्ता सूचना प्राप्त हुई कि कंटेनर ट्रक क्रमांक एनएल 01- एबी-7655 में अंबिकापुर की ओर से भारी मात्रा में गौवंशों को भरकर बगीचा के रास्ते झारखंड ले जाया जा रहा है, सूचना की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एसडीओपी जशपुर निमितेश सिंह, निरीक्षक कृष्ण कुमार साहू, उप निरीक्षक विवेक कुमार भगत एवं थाना बगीचा की पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने थाना बगीचा क्षेत्र के ग्राम पेटा में नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की, इसी दौरान 10 अक्टूबर की सुबह लगभग 4:30 बजे संदिग्ध कंटेनर ट्रक वहां पहुंचा। पुलिस टीम को देखकर चालक ट्रक को रोकने के बजाय दूसरे रास्ते से तेजी से भगाने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक का पीछा किया और उसे ग्राम खंटाडांड़ में रोकने में सफलता प्राप्त की।

कंटेनर की तलाशी में 65 गौवंश बरामद, 2 मृत मिले

पुलिस की कंटेनर ट्रक की तलाशी लेने पर उसके भीतर कुल 65 नग गौवंश पाए गए। गौवंशों को अत्यंत अमानवीय तरीके से ठूंस-ठूंसकर भरा गया था, जिससे उनके परिवहन की स्थिति बेहद चिंताजनक थी। इनमें से 2 गौवंशों की मृत्यु हो चुकी थी, चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रेहान अंसारी, उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम सिसई, जिला गुमला, झारखंड बताया। पुलिस द्वारा गौवंशों के परिवहन एवं उनसे संबंधित वैध दस्तावेज मांगे जाने पर वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

स्वास्थ्य परीक्षण कर मृत गौवंशों का अंतिम संस्कार किया

पुलिस ने सभी 65 गौवंशों को गवाहों के समक्ष बरामद किया। पशु चिकित्सक से गौवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया तथा मृत गौवंशों का विधिवत अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर तस्करी में प्रयुक्त कंटेनर ट्रक क्रमांक एनएल -01 -एबी-7655 जप्त कर लिया।

झारखंड ले जाए जा रहे थे गौवंश, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

पूछताछ में आरोपी रेहान अंसारी ने बताया कि वह कंटेनर ट्रक को अंबिकापुर की ओर से लेकर झारखंड की ओर जा रहा था। मामले में पूछताछ जारी है, कुछ अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता के संबंध में भी जानकारी प्राप्त हुई है। पुलिस द्वारा संबंधित व्यक्तियों की पहचान एवं पतासाजी की जा रही है। गौ-तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों के विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध

पुलिस द्वारा आरोपी रेहान अंसारी के विरुद्ध थाना बगीचा में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 4, 6 एवं 10, छत्तीसगढ़ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(1)(क)(घ) एवं बी.एन.एस. की धारा 325 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।



नवरात्रि व दशहरा पर आज से बदलेंगे बसों के मार्ग

जशपुरनगर। शहर में नवरात्रि पर्व एवं दशहरा पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन और रावण दहन कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए बसों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिला परिवहन कार्यालय, जशपुर में 9 अक्टूबर को बैठक आयोजित कर बसों के मार्ग परिवर्तन एवं यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

- जिला प्रशासन ने लिया निर्णय, निर्धारित मार्गों से होगा संचालन

बैठक में जिला परिवहन अधिकारी, डीएसपी यातायात केआर चौहान, यातायात प्रभारी खोमाराज ठाकुर, बस मालिक एसोसिएशन के अध्यक्ष केदारनाथ मिश्रा सहित बस संचालक, ऑपरेटर एवं एजेंट एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में पर्व के दौरान श्रद्धालुओं, यात्रियों एवं आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बसों के सुचारु संचालन के लिए मार्ग परिवर्तन संबंधी निर्णय लिए गए। निर्धारित व्यवस्था के अनुसार, गम्हरिया तिराहा एवं कुनकुरी की ओर जाने वाली बसें बस स्टैंड से गिरींग तिराहा होते हुए गम्हरिया तिराहा व कुनकुरी की ओर जाएंगी। वहीं, गम्हरिया तिराहा एवं कुनकुरी की ओर से आने वाली बसें गम्हरिया तिराहा से गिरींग तिराहा होते हुए बस स्टैंड पहुंचेंगी। इसी प्रकार, सन्ना रोड से आने-जाने वाली बसें बिरसा मुंडा चौक एवं जैन मंदिर होते हुए गिरींग तिराहा की ओर संचालित होंगी। सन्ना रोड से आने-जाने वाले छोटे-बड़े वाहनों के लिए भी यही मार्ग निर्धारित किया गया है। इन मार्गों पर यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए सभी संबंधित वाहन चालकों को निर्धारित रूट का पालन करना होगा। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि मार्ग परिवर्तन की यह व्यवस्था 11 अक्टूबर से कार्यक्रम की समाप्ति तक प्रभावशील रहेगी। सभी बस संचालकों से निर्धारित मार्गों एवं यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने की अपील की गई है, ताकि नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दौरान श्रद्धालुओं, यात्रियों और आम नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा शहर में यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

1 करोड़ की लागत से बनी माझाटोली सड़क



जशपुरनगर। जिले में ग्रामीण क्षेत्रों की सड़क कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सड़क निर्माण कार्यों को गति दी जा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा ग्रामीणों की मांग पर स्वीकृत फरसाबहार विकासखंड के टी आर 03 माझाटोली मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 1 करोड़ 19 लाख की लागत से निर्मित इस सड़क से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। सड़क निर्माण पूर्ण होने से ग्रामीणों और राहगीरों को आने-जाने में सहूलियत होने लगी है। साथ ही, क्षेत्र के लोगों को दैनिक आवागमन, जरूरी कार्यों तथा अन्य सुविधाओं तक पहुंचने में मदद मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क संपर्क होने से स्थानीय लोगों की आवाजाही अधिक सुगम हो रही है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष रखी थी। मांग पर स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य पूरा हुआ है। सड़क बनने से प्रसन्न क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। जिले में ग्रामीण सड़कों के निर्माण एवं उन्नयन के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों को बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। माझाटोली मार्ग का निर्माण पूर्ण होना इसी क्रम में ग्रामीणों के लिए सुविधाजनक आवागमन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

जुआ खेलते 3 जुआरी गिरफ्तार, 13 हजार नकद जब्त

जशपुरनगर। शुक्रवार 9 अक्टूबर की रात लगभग 11.51 बजे थाना सिटी कोतवाली जशपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि, जशपुर के बाजार डांड में कुछ लोग चटाई बिछाकर जुआ का फड़ लगाए हैं, व ताश पत्ती से रुपए पैसे का दांव लगाकर कर जुआ खेल रहे हैं। थाना सिटी कोतवाली पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस टीम के साथ मुखबिर के बताए स्थान, बाजार डांड



में घेरा बंदी की गई, वहां चटाई बिछाकर, जुआ खेलते 3 जुआरियों को हिरासत में लिया गया, पूछताछ पर उन्होंने अपना नाम आशिफ अंसारी उम्र 30 वर्ष, निवासी करबला रोड जशपुर,रियाज कुरैशी उम्र 45 वर्ष निवासी आजाद मोहल्ला, करबला रोड जशपुर, अजमत खान उम्र 35 वर्ष, निवासी रक्षित कालोनी जशपुर का निवासी होना बताया। पुलिस की कार्रवाई में जुआरियों के कब्जे से जुआ फड़ का 13 हजार 170 रु नगद, 52पत्ती ताश की गड्डी, चटाई को जप्त किया गया। मामले में पुलिस के द्वारा उक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4,5,के तहत मामला पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई।

6 संकुलों के विद्यार्थियों ने दिखाया अपना कौशल

सरबकोम्बो में खेलो इंडिया के तहत सजा मैदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ग्रामीण अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने और विद्यार्थियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से बगीचा विकासखंड के ग्राम पंचायत सरबकोम्बो में जोन स्तरीय ओलंपिक खेलों का आयोजन किया गया।

खेलों के इस आयोजन में छह संकुलों के माध्यमिक एवं हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा, दमखम एवं खेल भावना का प्रदर्शन किया। शासकीय हाई स्कूल



आयोजन में खेलों के प्रति उत्साह और प्रतिस्पर्धा की भावना

सरबकोम्बो में आयोजित जोन स्तरीय ओलंपिक खेलों ने ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया। छह संकुलों के विद्यार्थियों की सहभागिता से आयोजन में खेलों के प्रति उत्साह और प्रतिस्पर्धा की भावना देखने को मिली।

सरबकोम्बो के प्राचार्य महेश केरकेट्टा के मार्गदर्शन में आयोजित इस खेल प्रतियोगिता में क्षेत्र की बीडीसी प्रिया सुरेश जैन की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत ⏭ शेष पेज 2 पर

ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की पहल

खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजनों से स्थानीय स्तर पर छिपी खेल प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। खेलो इंडिया की भावना के अनुरूप ग्रामीण अंचलों में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन देने की दिशा में ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी अपनी प्रतिभा निखारने का मंच मिलता है।



खबर संक्षेप

31 तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने का अभियान

जशपुरनगर। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग रायपुर के अनुपालन में शनिवार 9 अक्टूबर को अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से बैठक आहूत कर जशपुर जिले में मतदाता सूची के विशेष अभियान के तहत चलाये जा रहे कार्यक्रम अंतर्गत छूटे हुए एवं नए पात्र युवा मतदाताओं के पंजीयन के लिए 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा।
अभियान का उद्देश्य ऐसे पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना है, जिनका नाम अब तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाया है। 17 वर्ष या उससे अधिक आयु के युवाओं का जुटाया जाएगा विवरण। विशेष अभियान के अंतर्गत 17 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण कर चुके युवाओं तथा 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र युवाओं के मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया को सुगम बनाया जायेगा। इसके लिए बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्र क्षेत्र में घर-घर भ्रमण करेंगे और बूथ लेवल अधिकारी के द्वारा मतदान केंद्र स्तर पर प्रत्येक सप्ताह बुधवार और गुरुवार को विशेष शिविर आयोजन किया जायेगा। इस दौरान मतदाता सूची के निरंतर अद्यतीकरण की प्रक्रिया के तहत पात्र नागरिकों की जानकारी संकलित की जाएगी।

पीडी महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



रायगढ़। शासकीय पालूराम धनानिया वाणिज्य एवं कला महाविद्यालय रायगढ़ में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार एक्का के मार्गदर्शन व स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. ऊषा नायक के नेतृत्व में निबंध, रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य ने नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को ईएलसी नेट के माध्यम से मतदाता परिचय पत्र बनवाने हेतु फॉर्म 6 भरने के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया कि मतदाता परिचय पत्र लोकतंत्र में मत देने के अधिकार के लिए आवश्यक है। ईएलसी नोडल अधिकारी डॉ. ऊषा नायक ने भारत के संविधान में लोकतांत्रिक मूल्यों और चुनावी प्रक्रियाओं को विस्तार से विद्यार्थियों को बताया साथ ही उन्होंने भारत के चुनाव आयोग की भूमिका और विशेष गहन पुनरीक्षण और मतदाता सूची के संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी दी। श्रीवास बीए फर्स्ट सेमेस्टर रहे।

व्यावसायिक शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर जोर

रायगढ़। जिले के स्कूलों में संचालित व्यावसायिक शिक्षा की गुणवत्ता और प्रभावी संचालन को लेकर समग्र शिक्षा की ओर से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यार्थियों को बेहतर कौशल प्रशिक्षण देने और उन्हें रोजगार के लिए तैयार करने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में समग्र शिक्षा के सहायक कार्यक्रम समन्वयक भूपेंद्र पटेल, अभय पांडे, पूनम राजपूत, ज्योत्सना राजपूत और ऊषा साहू सहित जिले के विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत व्यावसायिक प्रशिक्षक शामिल हुए।

कार्यशाला में कानूनी प्रावधानों और साक्ष्य संकलन की दी गई जानकारी

वन्यजीव अपराधों पर कार्रवाई के लिए वन अमले को दिया प्रशिक्षण

आपसी सहयोग से वन्यजीव अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वन्यप्राणियों के संरक्षण, जैव विविधता की सुरक्षा और वन्यजीव अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से जशपुर वनमंडल में शनिवार को प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई। 10 अक्टूबर को आयोजित इस कार्यशाला में वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 के प्रभावी क्रियान्वयन, अपराधों की पहचान, प्रकरणों की विवेचना और न्यायालयीन प्रक्रिया के संबंध में वन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें वन विभाग के मैदानी अमले को वन्यजीव अपराधों की रोकथाम के लिए कानूनी रूप से सक्षम बनाने पर जोर दिया गया। कार्यशाला में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जशपुर ने वन्यजीव अपराधों की रोकथाम में पुलिस और वन विभाग के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में समय पर कार्रवाई, आवश्यक साक्ष्यों का संकलन और विभागों के बीच तालमेल महत्वपूर्ण है। आपसी सहयोग से वन्यजीव अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है।
वन्यजीव संरक्षण वन विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी- वन मंडलाधिकारी, जशपुर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वन्यप्राणियों की सुरक्षा के लिए केवल वन क्षेत्रों की निगरानी पर्याप्त नहीं है, बल्कि संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना, कानूनों की जानकारी रखना और समयबद्ध कार्रवाई करना भी जरूरी है। उन्होंने मैदानी अमले को वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों का गंभीरता से अध्ययन करने व अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

कानूनी प्रक्रिया व साक्ष्य संकलन पर जोर

कार्यशाला में जबलपुर के अधिवक्ता यश कुमार सोनी ने वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तकनीकी एवं कानूनी पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया। उन्होंने वन्यजीव अपराधों से संबंधित मामलों में वैधानिक प्रक्रिया का पालन, साक्ष्यों का उचित संकलन एवं संधारण तथा प्रकरणों के विधिसम्मत निराकरण के महत्व की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपराध प्रकरणों में नियमानुसार कार्रवाई करने और न्यायालयीन प्रक्रिया से जुड़े पहलुओं को समझने के लिए मार्गदर्शन दिया गया।

जैव विविधता संरक्षण के महत्व पर चर्चा

छत्तीसगढ़ राज्य वन्यजीव बोर्ड के वैज्ञानिक एवं सदस्य डॉ.राजेन्द्र मिश्रा तथा छत्तीसगढ़ जैव विविधता बोर्ड के सदस्य प्रो.एमएल नायक ने जैव विविधता, वन्यप्राणियों के प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में वन विभाग की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को भावी पीढ़ियों के लिए पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया। कार्यशाला में उपवनमंडलाधिकारियों, परिक्षेत्राधिकारियों, वन परिक्षेत्र सहायकों, बीट वनपाल सहित वनमंडल के मैदानी अमले के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। जशपुर वनमंडल द्वारा इस पहल को वन्यजीव अपराधों की रोकथाम, विभागीय अधिकारियों की कानूनी दक्षता बढ़ाने और वन्यप्राणी संरक्षण के प्रयासों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया।



क्रिकेट प्रतियोगिता में साउथ पॉइंट की आस्था ने दिखाया दम

जशपुरनगर। खेल के मैदान में प्रतिभा, मेहनत और आत्मविश्वास के दम पर साउथ पॉइंट इंग्लिश स्कूल की कक्षा छठवीं की छात्रा आस्था रानी ने अपनी अलग पहचान बनाई है।
राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता में आस्था ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मुकाबले के निर्णायक क्षणों में 20 रन बनाए और अपनी टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके इस प्रदर्शन ने टीम को जीत दिलाने में अहम योगदान दिया और विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। क्रिकेट मुकाबले में अंतिम क्षणों का प्रदर्शन अक्सर जीत और हार के बीच अंतर पैदा करता है। ऐसे ही महत्वपूर्ण समय में आस्था रानी ने अपनी बल्लेबाजी का दम दिखाया। उन्होंने 20 रन बनाकर टीम की जीत की राह आसान की। कम उम्र में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में इस तरह का प्रदर्शन उनकी खेल प्रतिभा, आत्मविश्वास और मेहनत को दर्शाता है। उनकी उपलब्धि से विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों में उत्साह का माहौल है। आस्था रानी की इस उपलब्धि पर साउथ पॉइंट इंग्लिश स्कूल में उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक बीपी गुप्ता एवं प्राचार्या अनिता गुप्ता ने छात्रा को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने आस्था के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को उचित अवसर और प्रोत्साहन मिलने से वे विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने आस्था को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वह आगे भी अपनी मेहनत, लगन और खेल कौशल के बल पर नई उपलब्धियां हासिल करेगी। साथ ही विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करेगी।

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जोश टीम का शुभारंभ

जशपुरनगर। भारत सरकार के महत्वाकांक्षी टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में क्षय रोग उन्मूलन के प्रयासों को अधिक प्रभावी बनाने, जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने तथा पंचायत स्तर पर व्यापक जनजागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से विगत दिवस 8 अक्टूबर 2026 को जिला पंचायत परिसर, जशपुर स्थित बैठक हॉल में टीबी मुक्त भारत टीम के उन्मुखीकरण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम तथा टीबी मुक्त पंचायतों के सरपंचों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अरविंद भगत अध्यक्ष नगरपालिका जशपुर, शौर्य प्रताप सिंह जूदेव उपाध्यक्ष जिला पंचायत जशपुर यश प्रताप सिंह जूदेव उपाध्यक्ष नगरपालिका जशपुर तथा गंगाराम भगत अध्यक्ष जनपद पंचायत जशपुर सहित जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचगण उपस्थित रहे।



225 पंचायतों के सरपंचों, 5 निक्षय मित्रों का सम्मान

कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीएस जात्रा, जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. रोशन बरियार, स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।
कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण वर्ष 2025 में टीबी मुक्त पंचायत के रूप में सम्मानित जिले की 225 ग्राम पंचायतों के सरपंचों का सम्मान रहा। जशपुर जिले की कुल 444 ग्राम पंचायतों में से 225 को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। सम्मान स्वरूप महात्मा गांधी की प्रतिमा व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। टीबी रोगियों को उपचार अवधि के दौरान पोषण एवं अन्य आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने वाले 5 निक्षय मित्रों को भी मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2026 के दौरान जिले की सभी ग्राम पंचायतों में टीबी के प्रति व्यापक जनजागरूकता विकसित करने तथा टीबी उन्मूलन के प्रयासों को और अधिक सुदृढ़ करने का संकल्प लिया गया।

विकास खंड मनोरा के कांची में कहानी शिक्षण

जशपुरनगर। जिले के विकासखंड मनोरा के संकुल केंद्र बहेरना के प्राथमिक शाला चर्चपारा कांची में कहानी शिक्षण पर हिंदी भाषा पढ़ाने वाले शिक्षक - शिक्षिकाओं के लिए डेमो कार्यशाला आयोजित की गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरुण पटेल, सहायक शिक्षा अधिकारी जगतपाल राम एवं स्रोत समन्वयक आशुतोष शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य कहानी शिक्षण की प्रविधियों को व्यवहारिक धरातल पर उतारते हुए बच्चों के साथ शिक्षकों के लिए देखने व एक दूसरे से सीखने का मौका उपलब्ध कराना था।
विकास खंड मनोरा के वनांचल ग्राम प्राथमिक शाला चर्चपारा कांची की सहायक शिक्षिका अनुराधा सिंह ने कक्षा चौथी की कहानी आसमान गिरा पर बच्चों के साथ शिक्षण का डेमो किया। डेमो का आरम्भ पूर्व ज्ञान से



पाठ को जोड़ने हेतु बच्चों से उनके अनुभवों पर बातचीत के माध्यम से की। इस दौरान बच्चों ने अपने गिरने फिसलने और कोई वस्तु गिरती है तो उससे किस तरह की आवाज निकलती है, से जुड़े अनुभवों को सामने रखा। इसके बाद संबंधित पाठ में दिए गए चित्र को दिखाते हुए बच्चों को मौखिक अभिव्यक्ति और चित्र पठन के मौके दिए गए। बच्चों ने कक्षा का आनंद लेते हुए बारी-बारी से अपनी बात रखी। शिक्षिका ने बच्चों को पूरे हाव-भाव के साथ टीएलएम का उपयोग करते हुए इस कहानी को सुनाया और बच्चों ने पूरे मनोयोग से सुने उक्त प्रक्रिया के अगले चरण में कहानी पर चर्चा, उसके भाव को समझाना, आदर्श पठन, साझा पठन एवं स्वतंत्र पठन की गतिविधि की गई। उसके उपरांत बच्चों को पाठ से कठिन शब्दों को ढूंढकर लिखने कहा। शिक्षिका ने बच्चों से पूछते हुए उसे श्यामपट्ट पर लिखा, फिर सभी बच्चों को इसे पढ़ने का अवसर दिया। शब्द जाल एवं तुकांत शब्द निर्माण की गतिविधि कराते हुए बच्चों को उसे पढ़ने- लिखने के मौके दिए गए।
कार्यशाला में संकुल केंद्र बहेरना के प्राथमिक शालाओं के भाषा पढ़ाने वाले शिक्षकों ने सहभागिता की कार्यशाला के आयोजन में बहेरना संकुल के समन्वयक उपेंद्र कुमार पंकज एवं अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के सदस्य मुकेश कुमार की अहम भूमिका रही। कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रधान पाठकों एवं शिक्षकों में कमल खलखो, धनमईत बाई, अमोस खलखो, हरमोन कुजूर सहित कई अन्य उपस्थित हुए। उक्त अवसर पर अंधरझर के संकुल समन्वयक जगेश्वर प्रसाद यादव विशेष तौर पर उपस्थित हुए।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र व शिक्षक सम्मानित

जशपुरनगर। जिले के कुनकुरी विकास खंड के एक ही शाला से विनोबा एप पर 6 छात्र-छात्राओं के ब्लाक स्तरीय विजेता बनने एवं जिले में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में मार्गदर्शन करने वाले प्रधान पाठक एवं शिक्षक का सम्मान का आयोजन बीडीसी संजय बंग की ओर से किया गया।
विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का सम्मान करने वाले मुख्य अतिथि में जनपद अध्यक्ष सुशीला साय का कहना था कि इस सम्मान का उद्देश्य कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता करने वाले शिक्षकों का सम्मान एवं विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना है ताकि वह हमेशा इस उत्साह के साथ शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा बिना किसी डर या भय के साथ लगातार अपने लक्ष्य को प्राप्त करें साथ उन्होंने सम्मानित शिक्षक एवं प्रधान पाठक सरिता नायक की प्रशंसा करते हुए कहा, शाला का प्रिंट रिंच वातावरण छात्रों में पहाड़ा तथा बारह खड़ी छात्रों में हिंदी



पालक बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजें

शिक्षा समिति अध्यक्ष बालेश्वर यादव ने कहा कि विद्यालय ज्ञान का मंदिर होता है और अब तो इसमें पुस्तक मध्याह्न भोजन, व गणवेश तथा छात्रवृत्ति भी मिल रहा है तो आप सभी पालक बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजे ताकि अगले साल 6 की स्थान पर छब्बीस बच्चे विजेता बने डीडीसी मलिता ने भी सम्मानित होने वाले छात्रों एवं शिक्षकों को हमेशा ऐसा ही आगे शिक्षा क्षेत्र की उंचाईयो तक पहुचें ऐसा शुभकामनाएं प्रदान करती हूं कहां ,डीडीसी श्रीमती अनिता सिंह ने कहा की मैं पूर्व में भी इस शाला में आई थी तब भी यहां के शाला के छात्र एवं शिक्षकों से प्रभावित थी और प्रधान पाठक की कार्यशैली बहुत ही सराहनीय है जो अपने शाला को कैसे आगे बढ़ाना है वह जानती है उन्होंने पालकों एवं ग्रामीणों से भी उनका छात्रों को आगे बढ़ाने हेतु सहयोग की अपेक्षा किए थे।

गणित व इंग्लिश पढ़ने में रुचि जागाएगा जिसके लिए वे बधाई की पात्र हैं।
इन छात्रों व शिक्षकों का किया गया सम्मान- शाला के निम्न 6 छात्र कक्षा 8वीं से प्रतीक रजक, हामिद अली, पार्वती बाई कक्षा 7वीं से टीकेश्वर राम यादव कक्षा 6वीं से डीम्पल अनंत कक्षा 5वीं से निहाल कुमार अनन्त तथा ब्लाक स्तरीय विजेता 52 तक पहाड़ा जानने वाली छात्रा निस्सी टोप्पो शिक्षक में सरिता नायक, गीता जांगड़े संकुल समन्वयक जुबराज राम यादव विनोबा से सोमनाथ साहू सम्मानित हुए इसके अतिरिक्त जोन स्तरीय विजेता आदित्य भगत, प्रतीक रजक संकुल स्तरीय विजेता लवकेश राम, तुषार यादव इत्यादि थे कार्यक्रम समापन का मुख्य आकर्षण शाला परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह प्रधान पाठक सरिता नायक ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष सुशीला साय उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति अध्यक्ष बालेश्वर यादव डीडीसी मलिता बाई एवं अनिता सिंह मंडल संयोजक शंकर यादव सरपंच अर्जुन लकड़ा, शाला समिति अध्यक्ष विश्वनाथ नागवंशी, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती मारिया गोरेती तिर्की, संकुल प्राचार्य आनन्द मिंज, संकुल समन्वयक, जुबराज यादव, विनोबा एप प्रोग्राम मैनेजर सोमनाथ साहू एवं प्रोजेक्ट आफिसर आनन्द टोप्पो पालक शिक्षक एवं पंच एवं ग्रामीण शामिल हुए।

बैंक ऋण मेले में 64 हितग्राहियों को 66.76 लाख का ऋण

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप स्व-सहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों से जोड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 8 अक्टूबर को जनपद पंचायत जशपुर स्थित वशिष्ट कम्युनिटी हॉल में बैंक ऋण मेले का आयोजन किया गया। यह आयोजन कलेक्टर रोहित व्यास एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।
बैंक ऋण मेले में विभिन्न बैंकों द्वारा स्व-सहायता समूहों एवं हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। मेले में कुल 64 हितग्राहियों को 66.76 लाख रुपए के मुद्रा ऋण तथा 98 स्व-सहायता समूहों को 2



करोड़ 75 लाख रुपए की बैंक लिंकेज की स्वीकृति प्रदान की गई। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम भगत, पार्षद राजीव गुप्ता, बीडीसी सावित्री सिंह जशपुर जनपद पंचायत सीईओ लोखित भगत सहित जिला पंचायत जशपुर की एनआरएलएम टीम के अमीन खान एवं विंसेंट तिर्की उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं विकासखंड स्तर के बीपीएम भी मौजूद थे। बैंक ऋण के माध्यम से स्व-सहायता समूह की महिलाएं मुर्गी पालन, बकरी पालन, सिलाई दुकान, ब्यूटी पार्लर, बेकरी, किराना दुकान एवं रेस्टोरेंट जैसे विभिन्न आजीविका मूलक कार्यों से जुड़कर अपनी आय बढ़ा रही हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से महिलाएं सालाना एक लाख रुपये से अधिक की आय अर्जित कर आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रही हैं और लखपति दीदी बनने का लक्ष्य हासिल कर रही हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को बैंक ऋण एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है।











